अति महत्वपूर्ण/विधानसभा मामला
विशेष पत्र वाहक/ई–मेल द्वारा

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार**
**9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली**

**F.No 234/1297/HFW/QC/2023/** 2961 **दिनांकः–** 15/12/2023

सेवा में,

श्रीमान उप–सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली–110054

**विषय : सातवी विधानसभा का चतुर्थ सत्र (शीतकालीन सत्र–2023), माननीय विधायक श्री ऋतुराज गोविंद द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 132 दिनांक 18.12.2023 के संदर्भ में।**

महोदय/महोदया,

यह पत्र आपके पत्र सं0 एफ.11(बी–1)VII/2020-25/वि.स.स./प्रश्न शा./6316 दिनांक 07.12.2023 के संदर्भ में प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया उपरोक्त के संदर्भ में इस पत्र के साथ माननीय विधायक श्री ऋतुराज गोविंद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0 132 का उत्तर निर्धारित प्रारूप में (100 प्रतियां) आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार के अनुमोदन से प्रेषित किया गया है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार (100 प्रतियां)

भवदीय

उप–सचिव (प्र0शा0)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
Deputy Secretary
Health & Family Welfare Deptt.
Govt.of NCT of Delhi
Delhi Secretariat, New Delhi-02

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
## 9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

अतारांकित प्रश्न संख्या : 132
दिनांक : 18.12.2023
प्रश्नकर्ता का नाम : मा0 विधायक श्री ऋतुराज गोविंद
क्या उपमुख्यमंत्री/मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | किराड़ी विधानसभा में वर्ष 2024 में अवार्ड किये गये किराड़ी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को अभी तक नहीं बनाये जाने के क्या कारण हैं; | i. किराडी कैबिनेट निर्णय संख्या 3033 दिनाँक 28/08/2021 द्वारा स्वीकृत 07 अर्ध स्थायी/अस्थायी आईसीयू बिस्तर वाले अस्पताल की अस्पताल परियोजना में से एक है। पहले इस परियोजना को आईसीयू बिस्तर वाले अस्पताल के रूप में प्रस्तावित किया गया था। इसके अलावा, सक्षम प्राधिकारी ने कोविड महामारी के कम होने और वर्तमान कोविड–19 परिदृष्यों पर विचार करने के बाद पहले से स्वीकृत आईसीयू बिस्तर वाले अस्पताल को सामान्य अस्पताल के रूप में उपयोग करने की मंजूरी दे दी थी।<br>ii. पीडब्ल्यूडी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार प्रारंभ में किराड़ी का यह अस्पताल प्रोजेक्ट निर्माणाधीन अन्य 6 आईसीयू अस्पताल की तर्ज पर शुरू नहीं हो सका क्योंकि इस स्थान पर गहरी नींव बनाने की आवश्यकता थी जोकि मूल कल्पना से भिन्न थी यानी उथली थी। इसके परिणामस्वरूप उपकरण डिजाइन और मशीनरी के अलग–अलग सेट की स्थिति की आवश्यकता है जो मूल रूप से अनुबंध में निर्धारित नहीं था। इसके कारण ठेकेदार को शुरू में प्रतिरोध करना पड़ा और इसके लिए अतिरिक्त समय और लागत लगी जिसके परिणामस्वरूप काम में देरी हुई। इसके अलावा ढेर परीक्षण (pile testing) को चलाने ओर परीक्षण करने में समय बर्बाद हुआ जिसके परिणामस्वरू‹ इस अस्पताल का निर्माण शुरू होने में असाधारण देरी हुई ।<br>iii. हालाँकि 17/08/2023 को माननीय स्वास्थ्य मंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शालीमार बाग में आईसीयू अस्पताल, सुल्तानपुरी, किराडी सीएनबीसी के पास जीटीबी के पास, सरीता विहार और रघुबीर नगर का निर्माण मूल योजना, चित्र और निविदा के अनुसार किया जायेगा और बिस्तरों की संख्या में किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जायेगा। |
| ख | इस अस्पताल को बनाने की सरकार की क्या योजना है, पूर्ण विवरण दें; | उपरोक्तानुसार |
| ग | किराड़ी विधानसभा में कुल कितने मोहल्ला क्लीनिक हैं और इस मोहल्ला क्लीनिक में क्या–क्या सुविधायें मिलती हैं, विस्तारपूर्वक जानकारी दें; और | किराड़ी विधानसभा में कुल ग्यारह मौहल्ला क्लिनिक कार्यरत हैं इनमें निम्नलिखित सुविधाऐं प्रदान की जाती हैं:–<br>1. निःशुल्क ओपीडी।<br>2. मौहल्ला क्लीनिक में ईडीएल में अनुमोदित 165 दवायें मुफ्त दी जाती हैं।<br>3. 90 लैब टेस्ट किए जाते हैं।<br>4. दिल्ली आरोग्य कोष योजना।<br>5. प्राथमिक चिकित्सा सेवाएँ । |
| घ | किराड़ी विधानसभा में और कितने नये मोहल्ला क्लीनिक खोलने की योजना है, इसकी पूर्ण जानकारी दें? | वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र किराड़ी के अंतर्गत नई एएएमसी खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। |

उपरोक्त उत्तर मा0 मंत्री महोदय (स्वास्थ्य) के अनुमोदन के पश्चात जारी किया गया है।

हस्ताक्षर

विभाग अध्यक्ष
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
Dr. S.B. Deepak Kumar
Secretary (H&FW)